तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शुक्रवार 2 फरवरी 2024

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर






# बस्तरिया बटालियन आपकी सुरक्षा व मदद के लिए प्रतिबद्ध : पदमा कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/दरभा

सुरक्षा बल व आम नागरिकों के बीच मधुर संबंध बनाये रखने के लक्ष्य को लेकर सिविक एक्सन प्रोग्राम किया जाता है। हमारा उद्देश्य युवा पीढी का खेल कूद में रूचि बढाने के लिए प्रेरित करना है। खेलकूद से स्वास्थ्य ही अच्छा नहीं होता अपितु मानसिक व समाजिक विकास भी होता है। बस्तरिया बटालियन आपकी सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदा प्रतिबद्ध है व अपने तैनाती स्थलों में स्थानीय लोगों के साथ समन्वय ▶▶|शेष पेज 10 पर

अलग खबर

## सुरक्षाबलों व आम लोगों के बीच मधुर संबंध बनाना हमारा लक्ष्य-कमाण्डेंट



### भटके हुए युवाओं से मुख्यधारा में लौटने की अपील

*कमाण्डेंट पदमा कुमार ए द्वारा भटके हुए युवाओं से मुख्यधारा में लौटने की अपील करते हुए देश हित में काम करने कहा गया। वहीं ग्रामीणों से अपने भटके हुए सबधिंयों को मुख्यधारा में वापस लाने प्रयास करने निवेदन किया गया। सिविक एक्शन कार्यक्रम के दौरान बस्तरिया बटालियन द्वारा दूरदराज से आए वृद्धजनों, युवाओं, बच्चों एवं महिलाओं को ध्यान में रखते हुए जरूरत के सामान का वितरण किया गया। ग्रामीणों में जहां दैनिक उपयोग में आने वाली सामग्रियों कंबल, सोलर लैम्प, छाता, मच्छरदानी, स्टील मटका का वितरण किया गया वहीं स्कूली बच्चों में पेन्सिल बाक्स, शॉपनर, इरेजर, बॉलपेन, ज्योमेटरी बाक्स, नोट बुक, स्कूल बैग, वॉटर बोटल का वितरण किया गया वहीं युवाओं को ध्यान में रखते हुए क्रिकेट किट, बॉलीबाल सेट आदि का वितरण किया गया। बस्तरिया बटालियन द्वारा अंदरूनी गांव में ग्रामीणों का दिल जीतते हुए मधुर सबंधं बनाने किए जा रहे प्रयास का सराहना की।*

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री की प्रत्येक गारंटी होगी पूरी : किरण



**जगदलपुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव ने प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार मानते कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक और गारंटी को छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा पूरा करते हुए महतारी वंदन योजना को लागू करते हुए बुधवार के हुए कैबिनेट की बैठक में अहम फैसला लेते हुए प्रदेश में इसे लागू किया है। महतारी वंदन योजना के तहत प्रदेश के विवाहित महिलाओं को 1000 प्रति माह यानी सालाना 12000 की आर्थिक सहायता सीधे उनके बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से दी जाएगी। शासन की महत्ती योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के निवासी विवाहित महिला जिनकी उम्र 1 जनवरी 2024 को 21 वर्ष से अधिक हो जाएगी उन्हें इस योजना का लाभ मिलेगा। विवाहित महिला के अलावा विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिलाओं को भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए पात्र किया गया है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने प्रदेश की जनमानस से जो वादा किया था, उसे पूरा करने के लिए दृढ़संकल्पित है। प्रधानमंत्री के द्वारा मोदी गारंटी के कार्योंर् को लगातार पूरा करते हुए प्रदेश में विकास की नई गाथा लिखी जा रही है। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को हुए कैबिनेट में लिए गए अन्य फैसलों का भी प्रदेश अध्यक्ष ने स्वागत किया है।

### घोटिया में आईईडी ब्लास्ट, चपेट में आने से एएसआई घायल

**जगदलपुर।** माओवादियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से सीआरपीएफ का एएसआई गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्रारभिंक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल दंतेवाड़ा में भर्ती कराया गया है। घटना की पुष्टि करते हुए आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि दंतेवाड़ा के मालेवाही थाना क्षेत्र में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से एएसआई घायल हो गया है। मालेवाही थाना व सीआरपीएफ 195 बटालियन की संयुक्त टीम रोड सुरक्षा के लिए रवाना हुई थी। इसी दौरान घोटिया मोड़ में नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी के ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ 195 बटालियन के एएसआई गिरीश बाबू उसकी चपेट में आ गए। ब्लास्ट से उन्हें गंभीर चोट आई थी जिसके बाद तत्काल उनका कैम्प अस्पताल में प्रारभिंक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। माओवादियों द्वारा जवानों को नुकसान पहुंचाने लगातार घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। एक दिन पूर्व सुकमा जिले के टेकलगुड़ेम में नक्सलियों के हमले में सुरक्षाबलों के 3 जवान शहीद हो गए थे वहीं 15 जवान घायल हो गए थे, जिनका जगदलपुर व रायपुर में उपचार जारी है।

## बजट : अलग-अलग सेक्टर से जुड़े लोगों ने बजट पर रखी राय

# रोजगार के अवसर खुलेंगे, युवाओं को होगा फायदा, केंद्रीय अंतरिम बजट राहत का पैगाम

अनिल सामंत ▶▶| जगदलपुर



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में अंतरिम बजट पेश किया। यह बजट मोदी सरकार के दूसरे कार्यकाल का अंतिम बजट है। वित्त मंत्री ने इस बार छठा बजट सदन में पेश किया। बजट में देश की सुरक्षा को लेकर सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। वहीं युवा, महिला, गरीब, किसानों को फोकस किया गया है। पुलिस विभाग में अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओपी) से सेवानिवृत्त जगदीश दास ने बजट पर प्रतिक्रिया देते कहा देश में 75 सालों के बाद पहली बार ऐसा बजट प्रस्तुत किया गया। जिसमें दूर-दूर तक चुनाव से कोई वास्ता नहीं। चूंकि यह अंतरिम बजट है, इसलिए इसमें डिटेल नही है, बावजूद विकसित भारत को ध्यान में रखते दूरगामी परिणाम वाला बजट कहा जा सकता है। खासकर देश की बाह्य व आंतरिक सुरक्षा पर ज्यादा राशि का प्रावधान किया गया है, जो सुरक्षा को मजबूती प्रदान करेगा। चाहे वह सीबीआई, सीआईएसएफ, केंद्रीय गुप्तचर अनुसंधान, रक्षा प्रणाली में ज्यादा राशि का प्रावधान किया गया है। अधोसंरचना विकास कार्य को बढ़ावा देने से रोजगार के अवसर खुलेंगे। लाखों करोड़ों युवाओं को रोजगार मिलेगा। गरीबों को काम मिलने से उन्हें भी रोजगार मिलने के अवसर अधिक है। चार्टेड एकाउंटेंट शुभम गंजीर ने टैक्स स्लैब पर जानकारी देते बताया इस बार के बजट में विशेष ध्यान समाज के युवा, गरीब एवं महिलाओं के लिए एक सौगात है। माध्यम वर्ग के लिए न कोई खास मुनाफा न ही कोई नुकसान है। इनकम टैक्स में जो स्लैब एवं दरें पिछले वित्तीय वर्ष में तय की गयी थी इस वर्ष भी वही लागू है। ओल्ड एवं न्यू स्किम में भी कोई खास परिवर्तन नहीं।

### लखपति दीदी की बल्ले-बल्ले



इलेट्रिक रिपेरिंग काम करने वाले माखनलाल देवनाथ ने कहा केंद्रीय अंतरिम बजट में प्रारंभिक रुझान से यह कहा जा सकता है कि मातृ शक्ति के लिए अत्यंत राहत वाला बजट है। खासकर महिला स्वसहायता समूह का विस्तार कर लखपति दीदी अब देशभर में स्वालम्बन की दिशा में आगे बढ़ आने वाले दिनों में करोड़पति का आंकड़ा छूएंगी। पहले मोदी सरकार से 4 करोड़ महिला स्वसहायता समूह का गठन किया था, अब इस अंतरिम बजट में 2 करोड़ और लखपति दीदी को सम्मलित किया गया।

### घरेलू सामग्री के दर का उल्लेख नहीं



गृहणी शिखा सामंत ने बताया अंतरिम बजट में अभी घरेलू सामाग्री पर ज्यादा जानकारी बजट में स्पष्ट नहीं हुआ है। खासकर राशन, कॉस्मेटिक, मनिहारी, वस्तुओं के दाम में वृद्धि अथवा सस्ता हुआ कि नहीं बजट में उल्लेख नही है। लेकिन महिला स्वसहायता समूह की लखपति दीदी के लिए बजट में काफी राशि का प्रावधान दीदियों के लिए राहत लेकर आई हैं। टैक्स स्लैब में भी पहले की तरह स्थिर है, फिर भी कोई वृद्धि न कर आम लोगों के लिए संतोषजनक कहा जा सकता है।

### राहत लेकर आया आमजनों का बजट



किराना दुकान संचालक मोहन जैन ने केंद्रीय आंतरिक बजट को आमजनों का बजट बताया। उन्होंने कहा इस बजट में युवा, महिला, गरीब, किसान सबको साधा गया है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बजट में जो लगा देश की सुरक्षा पर सबसे ज्यादा ध्यान रखा गया है। इससे यह तय है की आने वाले दिनों में भारत पूरे विश्व में सबसे ताकतवर देश के रूप में उभरेगा। प्रधानमंत्री की विकसित भारत को पंख लगेगा और देश विश्व गुरु बनने से कोई नहीं रोक सकता। युवाओं, महिलाओं के रोजगार के अवसर खुलेंगे।

### 38 लाख किसानों को पीएम किसान संपदा योजना से मिलेगा लाभ



बस्तर के किसान राकेश विष्णु ने कहा अंतरिम बजट में प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना से 38 लाख किसानों को फायदा मिला है और 10 लाख रोजगार के अवसर उत्पन्न हुए हैं। उपज के बाद होने वाले नुकसान को रोकने के लिए भी योजनाओं पर काम हो रहा है। कृषि उपज होने के बाद की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की भागीदारी मजबूत करेंगे। आत्मनिर्भर तेल बीज अभियान को मजबूती मिलेगी। नई प्रौद्योगिकी और कृषि बीमा को बढ़ावा मिलेगा। डेयरी से जुड़े किसानों की भी मदद के द्वार खुलेंगे। मत्स्य संपदा को मजबूत किया जा रहा है। सी-फूड का उत्पादन दोगुना किया गया है। मत्स्य संपदा योजना के जरिए उत्पादकता को तीन से बढ़ाकर पांच टन प्रति हेक्टेयर किया जाएगा। रोजगार के 55 लाख नए अवसरों को उत्पन्न किया जाएगा। पांच समेकित एक्वा पार्क बनाए जाएंगे।

# विधायक किरण देव का उपाध्याय वार्ड में अभिनंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड में 64 लाख के कार्यों का भूमि पूजन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने किया। वार्ड में डामरीकरण, सामुदायिक भवन का कार्य जो लंबित था इन कार्यों को गति देने के लिए विधायक ने नगर निगम में अपना पहला कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड से प्रारंभ किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड लगातार उपेक्षा का शिकार होता रहा है ऐसे में वार्ड में बहु प्रतीक्षित जन भावनाओं के अनुसार विकास का कार्य रुका हुआ था जिसे पूरा करना आज विधायक वार्ड पहुंच लंबित कार्योंर् का भूमि पूजन किया। विधायक ने वार्ड वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि निगम के 48 वार्ड के किसी भी वार्ड का कार्य ▶▶|शेष पेज 10 पर

# कॉलेजों में वार्षिक परीक्षा 5 मार्च से 53 हजार से ज्यादा छात्र होंगे शामिल

परीक्षा को लेकर हुई प्राचार्यों की बैठक, बस्तर में 34 परीक्षा केंद्र बनाया गया, तीन पालियों में होगा परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



### प्रायोगिक परीक्षा फरवरी में

*प्रायोगिक परीक्षा फरवरी माह में ही सम्पन्न कराने और प्राप्तांक को विश्वविद्यालय के पोर्टल में अनिवार्यतः ऑनलाईन एंट्री करने के निर्देश दिए गए हैं। वार्षिक परीक्षा मार्च-अप्रैल के सफल संचालन के लिए परीक्षा केन्द्रों में आवश्यकतानुसार बैठक व्यवस्था, पेयजल, शौचालय एवं प्राथमिक उपचार की सामग्री उपलब्ध कराने के लिए प्राचार्यो को निर्देशित किया गया।*

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय से संबद्ध कॉलेजों में वार्षिक परीक्षाओं की शुरुआत 5 मार्च को होगी जो 24 अप्रैल तक जारी रहेगी। इस बार परीक्षा में 53 हजार 385 छात्र शामिल होंगे। परीक्षा के आयोजन के संबंध में गुरुवार को विश्वविद्यालय के अकादमिक भवन में कॉलेजों के प्राचार्योंर् की बैठक हुई। कुलसचिव अभिषेक कुमार बाजपेई ने परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी अकादमिक कैलेण्डर के अनुसार समयसारिणी जारी की गई है। स्नातक कक्षाओं के नियमित परीक्षार्थी 15708, स्नातक और स्नातकोत्तर कक्षाओं के महाविद्यालयीन परीक्षार्थी 35547, भूतपूर्व परीक्षार्थी 260 एवं पूरक परीक्षार्थी 1870 यानी कुल 53385 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षा के सफलतापूर्वक संचालन के लिए कुल 34 परीक्षा केन्द्र बनाए हैं। परीक्षाएं तीन पालियों में प्रथम पाली सुबह 7 बजे से 10 बजे तक, द्वितीय पाली सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक और तृतीय पाली में दोपहर 3 बजे से शाम 6 बजे तक होगी। उन्होंने प्राचार्यो को निर्देशित किया गया कि सत्र 2023-24 में अध्ययनरत प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष नियमित परीक्षार्थियों के आंतरिक परीक्षाओं के अंको की ऑनलाईन एंट्री 28 फरवरी तक पोर्टल में कर लें। जिन महाविद्यालयों द्वारा प्राप्तांकों की ऑनलाईन एंट्री नहीं किया गया है वे निर्धारित तिथि तक ऑनलाईन अंकों की एंट्री कर सकते हैं। इस दौरान प्रो. शरद नेमा, विभागाध्यक्ष वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला, अपर संचालक उच्च शिक्षा बस्तर संभाग डॉ. टीआर रात्रे, सहायक कुलसचिव गोपनीय देवचरण गावड़े एवं प्राचार्य उपस्थित थे।

### बीमा कंपनी देगी 11 लाख की क्षतिपूर्ति

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग ने एक प्रकरण में यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी को 11 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति देने और 20 हजार रुपए का जुर्माना किया। आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा यह आदेश जारी किया गया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी अशोक लुनिया ने अपनी एक हाइड्रोलिक एक्सावेटर मशीन का बीमा यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस बीमा कंपनी से करवाया था। आवेदक की उक्त मशीन को बड़े बचेली क्षेत्र में कार्य के दौरान नक्सलियों द्वारा की आगजनी कर जला दिया गया। इस संबंध में आवेदक द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष क्षति दावा प्रस्तुत किया गया था, जिस पर बीमा कंपनी द्वारा आवेदक को उक्त मशीन का स्वामी ना होने एवं बीमा कंपनी को अंधेरे में रखकर बीमा करवाए जाने का आक्षेप लेते ▶▶|शेष पेज 10 पर

## जांच में 20 वाहनों पर 14.79 लाख बकाया टैक्स वसूला गया

# परिवहन नियमों का उल्लंघन, 2100 वाहनों पर 62.58 लाख का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के विभिन्न सड़कों में वाहन चालक एवं मालिक बेखौफ परिवहन नियमों उल्लंघन कर रहे है। इस पर परिवहन विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी की टीम ने वाहनों की जांच अभियान शुरू किया। इससे जनवरी माह में सड़कों एवं धनपूंजी स्थित बेरियर में 2100 वाहनों पर 62 लाख 81 हजार 147 रुपए का जुर्माना किया। इसमें 20 वाहनों से 14 लाख 79 हजार 047 रूपए का बकाया टैक्स वसूला और 10 ओवरलोड वाहनों से 1.90 लाख रुपए का राजस्व लिया। 46 वाहनों से ई-चालान से 8 लाख 53 हजार 900 रूपए की कार्रवाई की। साथ ही परिवहन चेक पोस्ट धनपूंजी में 970 वाहनों से 17 लाख 87 हजार 700 रुपए समझौता शुल्क वसूला और टीपी, यानकर से 2 लाख 34 हजार 920 रुपए ली।

अलग खबर




### मालिकों का ध्यान नहीं

*बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग की ओर से समय-समय पर नियमों उल्लंघन करने वाले वाहनों के चालकों एवं मालिकों पर जुर्माना, कार्रवाई करने के बाद भी चालक तथा मालिकों का ध्यान नहीं।*

### वाहनों की हो रही जांच

*परिवहन विभाग के उड़नदस्ता एवं धनपूंजी बेरियर के प्रभारी, निरीक्षक एसके झा ने बताया कि जांच के दौरान परिवहन नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर सख्ती की जा रही है। इसमें से अवैध टैक्सी एवं ऑटो पर भी कार्रवाई की जा रही है।*

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

## खबर संक्षेप

### मोदी सरकार के जुमलों की तरह अंतरिम बजट 2024 भी जुमला ही निकला

**कोण्डागांव।** केंद्र की मोदी सरकार में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत किये गए अंतरिम बजट पे पूर्व मंत्री मोहन मरकाम ने अपनी



प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि कोई भी बजट अगर विकास के लिए नहीं है और कोई भी विकास अगर जनता के लिए नहीं है तो वो व्यर्थ है अपने इस विदाई बजट में भी मोदी सरकार ने देश के किसानों, नौजवानों, महिलाओं करदाताओं और मध्यमवर्ग सहित किसी को कुछ भी नहीं दिया । कहां गई मोदी की गारंटी हर साल 2 करोड़ युवाओ को रोजगार देने की गारंटी दी थी मोदीं जी ने। जिसके हिसाब से 20 करोड़ युवाओं को रोजगार मिलना चहिये था। लेकिन देश के करोड़ों युवा जो बेरोजगारी का दंश झेल रहे है, उनके लिए इस बजट में कुछ नहीं है।

### कलेक्टर ने की जिला निर्माण समिति द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गुरुवार को जिला निर्माण समिति के माध्यम से किए जा रहे निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने इस दौरान सभी कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जो निर्माण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, उनका मूल्यांकन अविलंब किया जाए। उन्होंने स्कूलों के मरम्मत कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासकीय स्वीकृति के उपरांत समय–सीमा के भीतर निविदा कार्य तथा कार्यादेश जारी किया जाए। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की कमी पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी। उन्होंने शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग और आदिवासी विकास विभाग के कायोंर् को प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### जिले के सभी हाई स्कूलों के विद्यार्थियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से दिया मार्गदर्शन

# बोर्ड परीक्षाओं में सफलता के लिए प्रेरित करने हम होंगे कामयाब कैंपेन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिले में परीक्षा के समय और उसके बाद विद्यार्थियों के सहयोग लिए विशेष पहल के तहत हम होंगे कामयाब कैंपेन का आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित अवधारणाओं को समझने, उन्हें स्वस्थ मानसिकता रखने के लिए प्रेरित करने और पढ़ाई के दौरान और उसके बाद तनाव से बचने के लिए एक माध्यम प्रदान करना है। इसके तहत गुरूवार को जिला प्रशासन एवं यूनिसेफ के सहयोग से जिला मुख्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल से जिले के सभी हाई स्कूलों के विद्यार्थियों के साथ एक सहायक सत्र आयोजित किया गया। इस सत्र में विद्यार्थियों को विभिन्न मुद्दों पर समझाइश देते हुए उनके प्रश्नों के निवारण के साथ उन्हें पढ़ाई में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ बातचीत करते हुए अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर उन्हें पढ़ाई करने के तरीकों आत्म–नियंत्रण बनाए रखने के संबंध में सुझाव देते हुए अपना लक्ष्य को




स्पष्ट कर उसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने जिले के सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं भी दी। जिला परियोजना अधिकारी साक्षरता मिशन वेणु गोपाल राव ने विद्यार्थियों को पढ़ाई में एक अच्छे माहौल बनाए रखने के लिए आपसी सहयोग के महत्व को बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को अपनी समस्याओं को खुले मन से चर्चा कर समाधान प्राप्ती के तरीकों से भी बच्चों को अवगत कराया। इस कार्यक्रम में जिले के सभी हाई स्कूलों के विद्यार्थियों ने अपने प्रश्नों को साझा करते हुए उनके समाधान के लिए सुझाव प्राप्त किए। इसके माध्यम से सभी विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों के साथ एक सीधा संवाद स्थापित किया और उनके मनोबल को बढ़ाने के लिए उन्हें समर्थन और प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर जिला अस्पताल की मनोचिकित्सक मधु बघेल द्वारा बच्चों को उनकी समस्याओं को समझने और समाधान करने के लिए सही मार्गदर्शन प्रदान किया गया ताकि वे आगामी परीक्षा में सफलता प्राप्त कर सकें। जिला समन्वयक युवोदय पॉल कुमार नाग ने विद्यार्थियों को उनके परीक्षा के दौरान स्वस्थ मानसिकता रखने के लिए प्रेरित करते हुए उन्हें योग और ध्यान का अभ्यास करने का भी सुझाव दिया गया, जो उन्हें तनाव मुक्त रखने में मदद कर सकता है। ज्ञात हो कि हम होंगे कामयाब चौंपियन अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान सकारात्मक भावना बनाए रखने का संदेश दिया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रेरित करना है कि वे अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सक्षम हैं और वे हमेशा सकारात्मक रहें। जिला सलाहकार यूनिसेफ प्रियंका वर्मा द्वारा शिक्षकों से आग्रह किया गया कि वे इस पहल का सकारात्मक समर्थन करें और जिले के विद्यार्थियों को इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लें। इससे न केवल विद्यार्थियों को मार्गदर्शन मिलेगा, बल्कि जिले का शिक्षा संबंधित क्षेत्र भी नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ेगा।

## जनपद प्राथमिक शाला बुनागांव में अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

विकास खण्ड कोंडागांव अंतर्गत जनपद प्राथमिक शाला बुनागांव में शासन की महत्वाकांक्षी योजना स्कूल रेडिनेस कार्यक्रम अंगना मां शिक्षा आयोजित किया गया।कक्षा पहली और दूसरी में अध्यनरत विद्यार्थियों को घर में ही माताओं के द्वारा खेल खेल में तथा कामकाज के साथ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से हिंदी और गणित विषय को सिखाने सभी बच्चों के माताओं को क्रियाकलाप करके बताया गया। मास्टर ट्रेनर शिक्षिका रोशनी साहू के द्वारा गतिविधियों जिनमें अंक ज्ञान,अक्षर ज्ञान,आओ शब्द बनाएं, बंडल बनाएं, आंखों में पट्टी बांध कर, बच्चों को चुनौती देकर इकाई दहाई की अवधारणा को गतिविधि के माध्यम से बताया गया। शाला के प्रधान अध्यापक सूरज नेताम ने सभी माताओं को अंगना मां शिक्षा कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों के स्तर को विकसित करने माताओं को बढ चढ कर हिस्सा लेने आग्रह किया। साथ ही कहा कि हमें इस लक्ष्य को 2026 तक सभी बच्चों को बुनियादी शिक्षा ज्ञान प्राप्त कराना है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक धरम देवांगन, शिक्षिका प्रतिभा जुरर्ी,माताएं फूलबती नेताम, रामदुलारी नेताम, मनीषा नेताम, भावदई कौशिक, पदमनी नाग, नीलबती कोर्राम, बसंती पटेल, इंदू सोरी, दीपशिखा नाग, सरिता नेताम, पार्वती यादव, सोनिया नाग, सविता नेताम, नम्रता नेताम, श्यामबती नेताम,और बच्चे उपस्थित रहे।

# ट्रेलर व पिक़अप की टक्कर में 4 की मौत, 10 घायल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले के मिंगाचल के करीब बुधवार देर शाम हुए सड़क हादसे में चार ग्रामीणों की मौत हो गई वहीं 10 घायल हो गए। घायलों का जिला अस्पताल में उपचार जारी है। वहीं गुरूवार को फुलगट्टा में मृतकों अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। जानकारी के मुताबिक नैमेड़ थाना क्षेत्र के मिंगाचल के करीब देर शाम ट्रेलर और पिकअप में आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस हादसे में 4 ग्रामीणों की मौके पर मौत हो गई। वहीं कई गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हादसा बीजापुर-नैमेड नेशनल हाईवे स्थ्ति मिगांचल के करीब हुआ। इस हादसे में चार ग्रामीणों की मौके पर मौत हो गई थी वहीं 10 ग्रामीण गम्भीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक ग्राम मुसालूर से तेलम परिवार के मिलन समारोह में शामिल होने के बाद ग्रामीण पिकअप से वापस फुलगट्टा भैरमगढ़ लौट रहे थे तभी विपरित दिशा से आ रही ट्रेलर से पिकअप की टक्कर हो गई। नैमेड थाना में मामला दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही जारी है। वहीं घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे की खबर लगते ही फुलगट्टा में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं गुरूवार को मृतकों का अतिंम संस्कार फुलगट्टा में किया गया, जहां फुलगट्टा समेत आसपास के सैकड़ों ग्रामीण व बीजापुर विधायक विक्रम मंडावी शामिल हुए और मृतकों को अंतिम विदाई दी।

## पेज 9 के शेष

### बस्तरिया बटालियन आपकी...

एवं सौहार्दपूर्ण भाव से कार्य कर रही है। यह कहना था 241 बस्तारिया बटालियन सीआरपीएफ के कमाण्डेंट पदमाकुमार ए का जो उन्होंने दरभा के अंदरूनी गांव ककालगुर में आयोजित सिविक एक्शन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कही।

मौका था गुरूवार को 241 बस्तरिया बटालियन सीआरपीएफ के दरभा में स्थित जी 241 कम्पनी द्वारा ग्राम ककालगुर थाना दरभा में आयोजित सिविक एक्शन प्रोग्राम का जिसमें 241 बस्तरिया बटालियन के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था। इस दौरान गांव के वृद्धजनों, युवाओं, बच्चों एवं महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गयी और दवाइयों का वितरण कर गांव की दिव्यांग महिला को व्हील चेयर प्रदान किया गया। आयोजित चिकित्सा शिविर में डॉ वर्षा रोज ओ जोन, डॉ ब्रिजेश कुमार, डॉ पीवी विकास व अन्य चिकित्सा अधिकारियों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में कमाण्डेंट पदमा कुमार ए के अलावा कम्पनी कमाण्डर विनाद सिंह, डाक्टरों की टीम के अलावा तहसीलदार दरभा चित्रासेन साहू, निरीक्षक दरभा थाना, केशरी चन्द्र साहू, सीएचओ दरभा धनेश्वर साहू, एचडब्ल्यूसी, उत्तम बघेल सरपंच ककालगुर चुल्लाराम, उप सरपंच रामूराम नाग, कोतवाल दसरू राम के अलावा स्थानीय ग्रामीण व 241 बस्तरिया बटालियन के जवान मौजूद रहे।

### वार्डवासियों ने किया...

जन भावनाओं के अनुरूप होगा। किसी भी वार्ड के साथ भेदभाव नहीं होगा। केंद्र में डबल इंजन की सरकार है और विकास का कार्य अब पूरी गति से चलेगा, कोई कार्य रुकेगा नहीं। नगर अध्यक्ष सुरेश गुप्ता ने कहा पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड हमेशा सामाजिक कार्य हो जनहित के कार्य हो या शहर की सुंदरता, स्वच्छता का कार्य हो इसमें हमेशा अव्वल रहा है। ऐसे में इस वार्ड से विधायक का निगम में विकास कार्य की शुरुआत एक अच्छा संकेत है। विकास कार्य में जिस तरह से विधायक ने उदार हृदय का परिचय देते हुए वार्ड पार्षद ने सामुदायिक भवन के लिए अतिरिक्त 20 लाख रुपए की मांग की और विधायक ने इस सहर्ष स्वीकार किया। कार्यक्रम के दौरान पंडित दीनदयाल उपाध्याय वार्ड के वासियों ने पार्षद के साथ मिलकर किरण देव का अभिनंदन करते हुए राम जी की बाल प्रतिमा भेंट की और उन्हेंने शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर श्रीनिवास राव मद्दी, महापौर सफिरा साहू, अध्यक्ष कविता साहू, यशवर्धन राव, रामाश्रय सिंह, आर्येन्द्र सिंह, मनोहर तिवारी, राजू श्रीवास्तव, अनिल लक्कड़, शशि पाठक, योगेश ठाकुर, संतोष बाजपेई, योगेश शुक्ला, दयावती देवांगन, राणा घोष, त्रिवेणी रंगारी, नीलम यादव, शंभू नाग, महेंद्र पटेल, राजपाल कशेर, शेखर साव, आशा राव, प्रमिला कपूर, अमर झा, सूर्य भूषण सिंह, विनय झा, रमेश चांडक, दिनेश साव, प्रेमाचार्य के साथ वार्डवासी उपस्थित रहे।

### बीमा कंपनी देगी...

हुए दावा निरस्त कर दिया गया था। इससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की, इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि विपक्ष बीमा कंपनी द्वारा आवेदक से प्रीमियम की राशि प्राप्त कर मशीन का बीमा किया गया। मशीन में हुई आगजनी की घटना बीमा अवधि के अंतर्गत है। बीमा कंपनी द्वारा आवेदक का क्षति दावा निरस्त कर सेवा में कमी एवं व्याव्सायिक कदाचरण किया गया है। इस हेतु बीमा कंपनी को 20 हजार रूपए के अर्थ दंड से भी दंडित किया गया।

### कलेक्टर ने बोरगांव पश्चिम से आलोर तक निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण



**फरसगांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को फरसगांव विकासखण्ड के ग्राम पश्चिम बोरगांव से लेकर आलोर तक निर्माणाधीन सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण के दौरान गुणवत्ता की देखरेख के लिए विभाग के अधिकारियों को अनिवार्य तौर पर मौजूद रहने के निर्देश दिए। उन्होंने 7 करोड़ 55 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन इस 7.725 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण मार्च तक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत समस्त वाहन चालकों का किया गया नेत्र परीक्षण



**कोण्डागांव।** जिले में चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा माह अंतर्गत सड़कों को सुरक्षित बनाने के लिए कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार जिला परिवहन कार्यालय में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के समस्त वाहन चालकों को नेत्र जांच के लिए आमंत्रित किया गया था। जिसमें स्कूल बस, पिकअप, ऑटो चालक, यात्री बस चालकों का नेत्र परीक्षण जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू के मार्गदर्शन में किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा डॉ अशोक कश्यप के नेतृत्व में नेत्र परीक्षण दल द्वारा सभी की जांच करते हुए उन्हें नेत्र की सही तरीके से देखभाल के लिए सलाह देते हुए नियमित रूप से नेत्र जांच कराने के लिए सलाह दी गयी।

### कलेक्टर ने की विशेष केन्द्रीय सहायता योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों की समीक्षा



**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत ने गुरुवार को विशेष केन्द्रीय सहायता योजनांतर्गत स्वीकृत कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। जिला कार्यालय के भू–तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित बैठक में उन्होंने इस दौरान सभी लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। श्री दुदावत ने कार्य में विलंबता के लिए लोक यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन अभियंता को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। वहीं पूर्ण होने के उपरांत भी कार्य का मूल्यांकन नहीं किए जाने पर केशकाल जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी और लोक यांत्रिकी सेवा के अनुविभागीय अधिकारी को भी कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी पूर्ण कायोंर् की उपयोगिता प्रमाण पत्र और संपूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। उन्होंने पूर्ण कायोंर् का अविलंब भुगतान सुनिश्चित करने को भी कहा।

### कन्हारगांव में ऑइल पॉम रोपण अभियान का शुभारंभ



**फरसगांव।** ब्लाक के ग्राम कन्हारगांव में ऑयल पॉम रोपण अभियान अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। विधायक द्वारा ऑयल पॉम रोपण का शुभारंभ करते हुए किसानों को प्रोत्साहित करते हुए इसके लाभों के संबंध में बताया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों से आये 450 से अधिक ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर सरपंच शांति नाग, उप सरपंच विष्णुराम यादव, झाड़ी राम सलाम, निर्मल नाग, उद्यान अधीक्षक लोकेश्वर प्रसाद ध्रुव, योगेश कुमार देवांगन सहायक मत्स्य अधिकारी, हिमालय नेताम, दिग्विजय मरकाम, फगनूराम मरकाम, सेवक राम मरकाम, मोहम्मद नवाज, सुरेन्द्र कुमार शुक्ला, बैसाखुराम बघेल सहित अन्य विभागीय अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीण कृषक उपस्थित रहे।

### कोंडागांव जन शिक्षण संस्थान में मनाया स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम



**कोण्डागांव।** कोंडागांव जन शिक्षण संस्थान में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंडागांव के द्वारा स्वास्थ्य जगुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोंडागांव की डॉ कंचन सिंग एवं हेमा रानी सिकदार, प्रमीला दीवान एएनएम तथा महात्मा गांधी वार्ड की मितानिन दीदी गायत्री गोस्वामी एवं रेणुका मानिकपुरी की गरिमामय उपस्थिति रही। सर्वप्रथम सभी अतिथिगणों का संस्था के निदेशक पुष्पराज अनंत ने पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। तत्पश्चात डॉ. कंचन सिंग ने कुष्ठ रोग के लक्षण और ईलाज के बारे में विस्तार से समझाया। साथ ही साथ प्रशिक्षु महिलाओं, लड़कियों को मासिक स्वास्थ्य से सम्बन्धित सभी जानकारी को विस्तार से बताई तथा उनके निजी सवालों का भी जवाब दी। जिससे सभी प्रशिक्षु संतुष्ट हुए। इस कार्यक्रम में जन शिक्षण संस्थान द्वारा डॉ कंचन सिंग के हाथों सेनेटरी पेड वितरण किया गया। तथा सीक्लीन टेस्ट एचबी टेस्ट किया गया। कार्यक्रम में लगभग 43 प्रशिक्षु सहित उत्तम मानिकपुरी, वासुदेव कटेन्द्र, राम नेताम, कु सीमा सेठिया एवं सभी प्रशिक्षिका उपस्थित रहे।

### तहसील न्यायालय के रीडर को कारण बताओ नोटिस

# कलेक्टर ने फरसगांव तहसील और जनपद का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बुधवार को फरसगांव स्थित तहसील तथा जनपद पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान तहसील कार्यालय को सुव्यवस्थित किए जाने पर जोर दिया। कलेक्टर ने इस दौरान तहसील राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने इस दौरान प्रकरणों की सुनवाई के दौरान पूरी प्रक्रिया का पालन सुनिश्चित करते हुए त्वरित निराकरण पर जोर दिया। उन्होंने भूमि अतिक्रमण के प्रकरणों में कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री दुदावत ने नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन इत्यादि लंबित राजस्व प्रकरणों की जांच करते हुए कहा कि यदि नोटिस तामिली के पश्चात यदि कोई पक्षकार उपस्थित नहीं





होता है, तो उस स्थिति में निर्णय पारित करें। उन्होंने नोटिस जारी करने के उपरांत इसकी जानकारी अनिवार्य तौर पर नोटिस पंजी में दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने नस्तीबद्ध प्रकरणों को अभिलेखागार में सुरक्षित रखने के निर्देश भी दिए। यदि किसी प्रकरण में पटवारी प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होता है, तब पटवारी को स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही लापरवाहीपूर्ण व्यवहार के लिए स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही अभिलेखागार का भी निरीक्षण किया और दस्तावेजों के बेहतर रखरखाव के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। इसके साथ ही राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने मसाहती ग्रामों के हितग्राहियों को बी-1, खसरा वितरित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अभिलेखागार में दस्तावेजों के आवक और जावक का लेखा-जोखा भली-भांति रखने के निर्देश भी दिए। उन्होंने इसके साथ ही जनपद पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने यहां राशन कार्ड तथा पेंशन हेतु प्राप्त आवेदन तथा उनके निराकरण के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया। इस दौरान अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कावेरी मरकाम, तहसीलदार जय कुमार नाग, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएल चुरेन्द्र सहित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर ने ली बैठक



**दंतेवाड़ा।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज संयुक्त जिला कार्यालय भवन के भू-तल स्थित सभाकक्ष में राजनैतिक दलों के पदाधिकारी सहित एसडीएम, तहसीलदार की बैठक ली। आगामी होने वाले लोकसभा निर्वाचन-2024 हेतु मतदान केन्द्रों के विस्थापन के संबंध में चर्चा की। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि, एसडीएम जयंत नाहटा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेन्द्र कुमार ठाकुर एवं उप पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार चन्द्राकर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### डीएमएफ में हुए भ्रष्टाचार की हो जांच : रामबाबू

**नकुलनार।** भाजपा नेता रामबाबू गौतम ने आज अपने बयान में कहा



कि जिला खनिज न्यास निधी के द्वारा खर्च की गयी राशि का हिसाब किताब जनता के सामने प्रशासन को रखना चाहिए। उन्होंने कहा पिछली सरकार पर आरोप है कि डीएमएफ की राशि का जमकर दुरूपयोग किया गया है। करोड़ों की राशि की बंदर बांट की खबरें आ रहीं थीं, क्या जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की जावेगी। उन्होंने कहा दंतेवाड़ा जिले में ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाकर करोड़ों का निर्माण कार्य बाहरी ठेकेदारों को देकर अग्रिम राशि के रूप में 40 प्रतिशत की राशि निकाल कर विधानसभा चुनाव के पहले ठेकेदारों को दिलाया गया। इसके एवज में तत्कालीन अधिकारियों ने ठेकेदारों से मोटा कमीशन लेकर आदिवासी सरपंचों तथा पंचायत सचिवों पर दबाव बनाकर डटकर भ्रष्टाचार किया। काम की प्रगति क्या है, कितनी राशि का आहरण हुआ है, जांच होगी तो सच्चाई सब सामने आएगी। फिलहाल पंचायतें अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहीं हैं और उन्हें डर हैं कि कहीं ठेकेदारों ने मुंह मोड़ा तो वे कहीं के नहीं रहेंगे।

### वन संरक्षण, वनोपज आधारित आजिविका संवर्धन पर हुई कार्यशाला

# वनों का संरक्षण व अग्नि घटनाओं पर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





बस्तर वन मण्डल द्वारा माचकोट परिक्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पुसपाल में गुरूवार को वन संरक्षण एवं वनोपज आधारित आजीविका संवर्धन हेतु संयुक्त वन प्रबंधन समितियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों को वनों का संरक्षण के तहत वनों में अग्नि घटनाओं को निरंक रखने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान द्वारा तैयार किए गए विभागीय केलैण्डर का अतिथि ने विमोचन किया। कार्यक्रम में जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक ने वन सुरक्षा तथा वनों से प्राप्त होने वाले लघु वनोपज के माध्यम से आमदनी बढ़ाने हेतु बताया। इसी तारतम्य में बस्तर के वन मण्डलाधिकारी द्वारा वन विभाग के कर्मचारियों तथा ग्रामीणों के साथ सामूहिक प्रयास से वन संरक्षण तथा वन्यप्राणियों सुरक्षा करने पर बल दिया गया। कार्यशाला में वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी, भाजपा के संगठन महामंत्री रामश्रय सिंह, जिला पंचायत सदस्य धरमू राम मण्डावी, अन्य जनप्रतिनिधी, वन विभाग से मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा, वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक धम्मशील गणवीर, वन विद्यालय के संचालक श्रीमती दिव्या गौतम, उप वन मण्डलाधिकारी देवलाल दुग्गा, चित्रकोट के उप वन मण्डलाधिकारी योगेश कुमार रात्रे, बस्तर के उप वन मण्डलाधिकारी आईपी बंजारे, माचकोट के प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी अभिनव कुमार, चित्रकोट के परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाश ठाकुर, बस्तर के परिक्षेत्र अधिकारी भुनेश्वर सुरोजिया, जगदलपुर के परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा, करपावंड के रेंजर सौरभ रजक, बकावंड के रेंजर लछिंदर बघेल एवं अधिकारी, कर्मचारी शामिल रहे।

### लोगों का वनों के साथ गहरा नाता : देव

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक किरण सिंह देव द्वारा बस्तर के लोगों का वनों के साथ गहरा नाता होने के संबंध में बताया गया। कार्यशाला में उपस्थित ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में लाख पालन करने एवं उससे होने वाले लाभ के संबंध में संबोधित किया गया एवं उपस्थित ग्रामीणों को लाख उत्पादन कीट का वितरण किया गया।

# बाल विवाह एक समाजिक कुरीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम






कलेक्टर अनुराग पाण्डेय के निर्देशानुसार जिले में बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत व्यापक प्रचार-प्रसार महिला बाल

■ महिलाओं व किशोरियों को कर रहे जागरूक

विकास विभाग द्वारा किया जा रहा है। जिला बाल संरक्षण इकाई भैरमगढ़, भोपालपटनम के नगरीय क्षेत्रों के सभी वार्डों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान शाला त्यागी किशोरी बालिकाओं, महिलाओं एवं स्कूल के बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम एवं उसके लिए जागरूकता कार्यक्रम कर जानकारी दिया जा रहा है कि किसी लड़की की उम्र 18 वर्ष, लड़के का उम्र 21 वर्ष होना चाहिए। इससे पहले शादी होती है तो वह बाल विवाह के श्रेणी में आता है। जो कि एक सामाजिक कुरीति है। ऐसे बच्चों के लिए जिन्हें देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता है। जो कोई भी बच्चा अनाथ, बेसहारा, लावारिस घुमंतु, गुमशुदा, बालश्रम, बाल विवाह अपशिष्ट संग्राहक, सड़क जैसे कठिन परिस्थितियों में रहने वाले बच्चे मिलते है तो उनकी मदद के लिए निःशुल्क नम्बर पर फोन कर सकते है। इस दौरान नवीन मिश्रा संरक्षण अधिकारी, शीला भारद्वाज महिला संरक्षण अधिकारी, आनंदमई मल्लिक विधिक सह परीविक्षा अधिकारी, लेखिका साहू जिला समन्वयक यूनिसेफ, राजकुमार निषाद, राजू कश्यप टुमारोज फाउंडेशन बीजापुर से महेन्द्र कश्यप व गजेंद्र ने जानकारी दी।

# अहिंसा उत्सव सप्ताह का समापन समारोह में स्वच्छता दीदीयों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज : जगदलपुर



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के अहिंसावादी सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने विगत छः वर्षोंर् से महाराष्ट्र के वर्धा स्थित सेवाग्राम आश्रम में अहिंसा के रास्ते सामाजिक शिविर का आयोजन जारी है जिसके माध्यम से महात्मा गांधी के सिद्धांतों आदर्शोंर् और अहिंसावादी सोच को निरंतर प्रगति देने कार्य किया जा रहा है। देश भर में अहिंसा उत्सव सप्ताह का आयोजन 25 जनवरी से 31 जनवरी तक किया गया जिसके अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक आयोजन देश भर में किए गये। बस्तर संभाग मुख्यालय में भी अहिंसा उत्सव सप्ताह का आयोजन जिला कांग्रेस कमेटी के सर्वोदय नेतृत्व संगम टीम युवा कांग्रेस तथा एनएसयूआई के द्वारा किया गया। अहिंसा उत्सव सप्ताह के बस्तर संभागीय संयोजक जावेद खान ने बताया कि आज देश की आजादी के बाद आज कहीं ना कहीं हम ऊंच नीच जाति धर्म नफरत और हिंसा की गुलामी में जकड़ते जा रहे हैं। स्वतंत्रता की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति देने वाले महान आत्माओं का अनुसरण हम अपने जीवन में करते रहें इसी उद्देश्य से विगत छः वर्षोंर् से निरंतर महाराष्ट्र के वर्धा जिले के सेवाग्राम गांधी आश्रम में अहिंसा के रास्ते सामाजिक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। गुरूवार को अहिंसा उत्सव सप्ताह का सम्मान एवं समापन समारोह राजीव भवन में महापौर सफीरा साहू के एवं शहर जिला कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। समापन समारोह में नगर निगम की स्वच्छता दीदीयों को सम्मानित किया गया। वहीं निबंध प्रतियोगिता में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय धरमपुरा की छात्रा कुमारी पायल कुमावत, द्वितीय शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करितगांव की छात्रा कुमारी करिश्मा रावणा, तृतीय स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय बीजापुर की छात्रा किश्वार फातिमा तथा चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाली बालिका स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय धरमपुरा की छात्रा प्राप्ति ठाकुर ने प्राप्त किया। जिन्हें 2100, 1600, 1100 तथा 500 रुपए पुरस्कार स्वरूप भेंट किया गया। आयोजन में भाग लिए उत्कृष्ट छात्र छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। सुशील मौर्य ने कहा कि महात्मा गांधी के सिद्धांतों पर चलने और उनके बताए हुए रास्तों पर प्रकाश डालने की अति आवश्यकता है। आज के दौर में जहां एक ओर देश की जनता के अंदर नफरत परोसी जा रही है वहीं दूसरी ओर महात्मा गांधी के अहिंसा के रास्ते पर चलने देश के युवाओं को प्रेरित करना आवश्यक है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में भी इसी तरह विभिन्न आयोजनों में आगे आने प्रोत्साहित किया। इस दौरान यशवर्धन राव, सतपाल शर्मा, अंगत प्रसाद त्रिपाठी, नीलम कश्यप, विशाल खंबारी, जाहिर हुसैन, असीम सूता, अल्ताफ उल्लाह खान, रंजीत सिंह बख्शी, अंजना नाग, सुशीला बघेल, सायमा अशरफ, विक्रांत सिंह, संदीप दास, सादाब खान, उस्मान रज़ा, अंकित सिंह, अपर्णा बाजपेई, शहनाज बेगम, माही श्रीवास्तव सहित स्कूली बच्चे, नेता, कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शोकित परिवारों के प्रति कलेक्टर ने की संवेदना व्यक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम



कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने जिला चिकित्सालय पहुंचकर सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्तियों के परिजनों

■ पोस्टमार्टम की प्रक्रिया जल्द करते हुए परिजनों को शव सुपुर्द करने के दिए निर्देश

से मिलकर शोक संतृप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की। ज्ञात हो कि बीते रात सड़क दुर्घटना में 4 लोगों की मृत्यु हो गई एवं 10 लोग घायल हैं। घायलों का ईलाज जिला चिकित्सालय बीजापुर में चल रहा है। कलेक्टर पाण्डेय ने घायलों का बेहतर ईलाज करने एवं मृतकों के शव का पोस्टमार्टम जल्दी कर उनके परिजनों को शव सुपुर्दनामा करने के निर्देश सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ यूके ध्रुव को दिए ताकि अंत्येष्टि का कार्य किया जा सके। जिला अस्पताल परिसर में उपस्थित परिजनों एवं समाजिक संगठनों के पदाधिकारियों से मिलकर घटना के बारे में जानकारी ली। वहीं शासन द्वारा निर्धारित मुआवजा की राशि में अन्य सहायता हेतु पूरी संवेदना के साथ आवश्यक मदद करने की बात कही।

# पढ़ाई के साथ देश की संस्कृति को संजोकर रखना विद्यार्थी की अहम जिम्मेदारी : लखेश्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



पढ़ाई के साथ-साथ देश की संस्कृति को संजोकर रखना विद्यार्थी की अहम जिम्मेदारी होनी चाहिए। आज बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल वीर योद्धा जकरन भतरा महाविद्यालय बकावंड के कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर छात्रों ने पुष्प वर्षा कर व बैच लगाकर विधायक समेत अन्य अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने अपने व्याख्यान में वीर योद्धा जकरन भतरा महाविद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं को कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए धन्यवाद प्रेषित किया और कहा कि यह मंच बच्चों के प्रतिभाओं को निखारने का मंच है। यहीं से बच्चे सीखते हैं और आगे बढ़ते हैं।

बघेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए महान विभूतियों की जीवनी पढ़नी चाहिए और उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। जिन्होंने अपने जीवन में कई विकट समस्याओं का सामना करते हुए पूरे प्रदेश एवं ग्रामीण क्षेत्र में सफलता का परचम लहराया है। इन्हीं में से एक हमारे वीर योद्धा जकरन भतरा का जीवन हैं। हमें भी उनके जैसे अच्छे कार्यों के साथ आगे बढ़ते हुए अपना एक नाम बनाना हैं। इस दौरान जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखदेई बघेल, सांसद प्रतिनिधि जगमोहन बघेल, मछुआ जिलाध्यक्ष मधु निषाद, एनएसयूआई ग्रामीण जिलाध्यक्ष नीलम कश्यप, राजेश कुमार, हरदास बघेल एवं प्राचार्य भावेश नेताम समेत समस्त कर्मचारीगण व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।


# भारत को नई ऊंचाई देने वाला बजट : किरण देव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

गुरूवार को प्रस्तुत हुए केंद्रीय बजट पर

■ महिला, किसान, युवा, बजट में सभी के लिए प्रावधान

प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि आज का बजट विकसित भारत का एक विजन प्रस्तुत करने वाला बजट



है। आज के बजट में भारत के सवांगीण विकास के प्रावधान देखने को मिल रहे है। देश का पूंजीगत व्यय 11 प्रतिशत और बढ़ा दिया गया है अब यह 11 लाख करोड़ होगा। पूंजीगत व्यय से देश में एक तरफ आधारभूत संरचना मजबूत होगी, निवेश की संभावनाएं भी बढ़ेगी और वहीं बड़ी संख्या में रोजगार का सृजन होगा, विकसित भारत के सपने को साकार करने भारत तेज गति से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि केंद्र ने हमेशा राज्यों को बड़ी मदद दी है, इस बार भी बजट में राज्यों के लिए 75 हजार करोड़ का ब्याज मुक्त ऋण देने का प्रावधान किया गया है जो स्वागत योग्य है। छत्तीसगढ़ प्रदेश को भी इसका लाभ मिलेगा। भारत देश ने चंद्रमा के दक्षिणी धुरव तक झंडा गाड़ दिया है, मोदी सरकार ऐसे कई और रिकॉर्ड बनाने के लिए संकल्पित है इसलिए रिसर्च के कार्य के लिए भी 1 लाख करोड़ का प्रावधान है। एक करोड़ घरों को 300 यूनिट मुफ्त सोलर बिजली दिए जाने से जरूरतमंदों को बड़ी राहत मिलेगी वही ग्रामीण इलाकों में 2 करोड़ नए घर बनने से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में भी एक बड़ी तेजी दिखने के साथ गरीबों को अपनी छत मिलने से उनके जीवन का बड़ा सपना साकार होगा।

# अज्ञात कारण से पैरा में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नगरनार



ग्राम पंचायत नगरनार के दुर्गा चौक में अज्ञात कारण से धान की पैरा में भीषण आग लगने से लगभग 10 से 15 एकड़ धान का पैरा राख हो गया। मिली जानकारी के अनुसार किसान गोवर्धन बघेल, रामेश्वर कश्यप व गुप्तो कश्यप की पैरा आग की चपेट में आ कर नष्ट हो गई। अफरा तफरी में ग्राम के समीप लगी स्टील प्लांट की अग्निशमन विभाग को जानकारी दी गई जिसके बाद टीम ने घटना स्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाया। अभी आग के लगने का कारण पता नहीं चल पाया है।

# न राहत, न रियायत, आम जनता की अपेक्षा के विपरीत घोर निराशाजनक बजट: बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

केंद्रीय बजट 2024 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं सांसद दीपक बैज ने कहा कि पिछले 9 सालों की तरह इस साल का चुनावी बजट भी पूरी तरह से झूठे सपने, जुमले और झांसे का बजट साबित हुआ है। यथार्थ में आम जनता को किसी भी तरह की कोई राहत या वस्तावित रियायत नहीं दी गई है, फिर भी राजकोषीय घाटा अनियंत्रित है। मोदी 2.0 का यह अंतिम बजट देश की अर्थव्यवस्था को गर्त में ले जाने वाला बजट है, आयकर की दरों में राहत नहीं मिलने से मध्यम वर्ग भी निराश हुआ है।



उन्होंने कहा कि पुरानी झूठ को एक बार फिर से परोसा गया है कि 7 लाख तक आयकर में छूट रहेगी जबकि हकीकत यह है कि पिछले बजट में ही नए टैक्स रिजीम के तहत केवल 7 लाख के भीतर आय वालों को टैक्स में छूट दी गई ना की बेसिक एक्जंपप्शन लिमिट बढ़ाया गया है। नए टैक्स रिजिम में किसी भी तरह की कटौती का प्रावधान नहीं है। असलियत यह है कि आयकर के लिए बेसिक एक्जंपप्शन लिमिट आज भी ढाई लाख ही है पिछले 10 साल से 1 रूपए भी नहीं बढ़ाया गया है। बेसिक एक्जंपप्शन लिमिट और टैक्स रिबेट में अंतर है, टैक्स रिबेट का लाभ है लिमिट क्रॉस होने पर खत्म हो जाती है जबकि बेसिक एक्जंपप्शन लिमिट बढ़ाये जाने का लाभ प्रत्येक करदाता को मिलता। मोदी सरकार की प्राथमिकताओं में जनकल्याणकारी योजनाएं नहीं है खाद सब्सिडी, मनरेगा, एमएसपी की गारंटी, स्वामीनाथन कमेटी के अनुसार एमएसपी और सामाजिक सुरक्षा के मद में कोई विशेष प्रावधान नहीं है।

### समझाया जा रहा वोटों का महत्व

# शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा




जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में कलेक्ट्रेट कार्यालय के मुख्य द्वार पर मतदाता जागरूकता केंद्र बनाया गया है। जिसमें कार्यालय परिसर में आने वाले लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है। मतदाता जागरूकता के तहत ईवीएम, वीवीपैट के प्रति आम जनता में जागरूकता लाया जा रहा है। विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को मतदान के लिए प्रेरित कर ग्रामीण एवं आमजनों को वोट डालने के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। मतदाता जागरूकता केंद्र में मतदाताओं को वोट देने की प्रक्रिया को बारीकी से समझाकर सिखाया जा रहा है। 18 वर्ष पूर्ण करने वाले नये मतदाता भी मतदान की प्रक्रिया से जागरूक हो रहे हैं। जिससे पहली बार मतदान में शामिल होने वाले युवा अपनी एक-एक मत का महत्व समझते हुए अपनी सहभागिता दिखाएंगे। मतदाता जागरूकता से ही मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सकता है। एक भी मतदाता मतदान से वंचित न हो, इसके लिए मतदाता सूची में सभी लोगों का नाम शामिल हो, इसे लेकर जागरुकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### बजट जनता को राहत देने में नाकाम : जैन



जगदलपुर। पूर्व विधायक रेखचंद जैन ने कहा कि मोदी सरकार का अंतरिम बजट जनता को किसी प्रकार से राहत देने में नाकाम रहा है। लोक सभा चुनाव के ठीक पहले आम जनता को जिस प्रकार से इस बजट से उम्मीदें थीं, यह उन पर खरा नहीं उतरा है। गुरुवार को केंद्रीय वित्त मंत्री के द्वारा प्रस्तुत बजट में समाज के किसी वर्ग के लिए विशेष रियायतें नजर नहीं आती हैं। महिलाओं को मंहगाई से राहत देने के कोई उपाय नहीं किए गए हैं। महिला सुरक्षा की गारंटी नहीं ली गई है जबकि नेशनल क्राईम ब्यूरो के आंकड़े कहते हैं कि मोदी राज में साल-दर-साल महिलाओं के विरुद्ध होने वाला उत्पीड़न बढ़ा है। बजट में बेरोजगारी उन्मूलन के ठोस उपाय न कर युवाओं को भी निराशा-हताशा के चक्र में ढकेल दिया गया है। देश भर में एक साल में औसतन 1100 किसानों के द्वारा आत्महत्या किए जाने के बावजूद इस दिशा में भाजपा सरकार ने अंतरिम बजट में कोई उपाय नहीं किए हैं। मध्यम वर्ग का जिक्र तक न करना हास्यास्पद है। मोदी सरकार ने फिर एक बार साबित कर दिया है कि गरीब-मध्यम वर्गीय का कोई मोल उसके लिए नहीं है। यह बजट अमीरों के लिहाज से लाया गया है। टैक्स पर सरकार की चुप्पी आम जनता को चुभ रही है। कर्मचारियों को न तो टैक्स में रियायत दी गई है और न ही उनकी ओल्ड पेंशन स्कीम की मांग की ओर ध्यान दिया गया है।

### कमिश्नर व कलेक्टर ने की लब्सना के निदेशक से भेंट



जगदलपुर। लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (लब्सना) मसूरी के निदेशक श्रीराम तरणीकांति अपने संक्षिप्त प्रवास पर आज जगदलपुर पहुंचे थे। स्थानीय एयरपोर्ट के प्रतिक्षा कक्ष में कमिश्नर श्याम धावड़े, कलेक्टर विजय दयाराम के. ने उनसे मुलाकात की। निदेशक तरणीकांति ने जिला प्रशासन के नवाचार एमआरएफ (समृद्धि) सेंटर, ट्राइबल संस्कृति एवं पर्यटन स्थलों के संबंध में चर्चाकर एमआरएफ सेंटर के कार्यों की सराहना की। साथ ही चित्रकोट पर्यटन मनोरम स्थल की तारीफ कर सफाई व्यवस्था की बधाई दी। निदेशक तरणीकांति को कमिश्नर और कलेक्टर ने काष्ठ में निर्मित बस्तर आर्ट का स्मृति चिन्ह भेंट में दिया। इसके अलावा कमिश्नर ने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण द्वारा 6 समाजों हेतु प्रकाशित पुस्तक का सेट निदेशक को भेंट स्वरूप दी। कलेक्टर ने एमआरएफ (समृद्धि) सेंटर के कार्यों व गतिविधियों के बारे में अवगत कराते हुए वेस्ट मटेरियल से निर्मित जैकेट और पुस्तक भेंट में दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, एसडीएम जगदलपुर भरत कौशिक, एसडीएम तोकापाल सुब्रत प्रधान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## युवाओं को बता रहे है दुर्घटना होने के कारण व बचाव के उपाय

# जागरूक करने स्कूल-कॉलेज पहुंच रही यातायात पुलिस

### प्रोजेक्टर के माध्यम से दी जा रही यातायात संकेतकों व गुड सेमेरिटन लॉ की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

यातायात पुलिस द्वारा 34 वे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान वाहन चालकों को जागरूक करने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। विशेषकर युवाओं को दुर्घटना के कारणों व बचने के उपाय के अलावा सुप्रीम कोर्ट द्वारा घोषित गुड सेमेरिटन लॉ की जानकारी भी दी जा रही है।

एसपी शशि मोहन सिंह के आदेशानुसार व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश पर युवाओं को जागरूक करने ज़िले के विभिन्न स्कूलों एवं कॉलेज में यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। यातायात डीएसपी संतोष जैन व निरीक्षक अभिजीत सिंह भदौरिया व टीम द्वारा शहर के गीदम रोड स्थित सूर्या कॉलेज, हॉर्टिकल्चर कॉलेज धरमपुरा, सेंट जेवियर स्कूल, बाल विहार विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर समेत अन्य संस्थानों में जाकर यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान प्रोजेक्टर के माध्यम से यातायात नियमों व सकेंतकों की जानकारी के अलावा वाहन चलाने के दौरान लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों के बारे में जानकारी दी गई। युवाओं को दुर्घटना होने के विभिन्न कारणों के फोटो, वीडियो एवं पीपीटी इत्यादि के माध्यम से बताया गया। युवाओं को बताया गया कि यातायात नियमों व संकेतों का पालन करें तथा वाहन चलाने के दौरान हेलमेट पहन कर वाहन चलाने, नियत गति में वाहन चलाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, गलत दिशा में वाहन ना चलाने ,तीन सवारी बाइक ना चलाने , शराब सेवन कर वाहन ना चलाने ,खतरनाक ढंग से वाहन ना चलाने ,नाबालिग बच्चों को वाहन ना चलाने देने इत्यादि महत्वपूर्ण बिंदुओं पर जानकारी दी गई। युवाओं को जागरूक करने में एएसपी महेश्वर नाग, डीएसपी ट्रेफिक संतोष जैन, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक अभिजीत भदौरिया, एएसआई राजकुमार आडील, परिमल दास, प्रवीण जोशी, प्रधान आरक्षक प्रकाश देवांगन तथा यातायात अमला जिले के कई स्कूल व कॉलेजों में पहुंचकर युवाओं को जागरूक करने प्रयास किया गया।





**गुड सेमेरिटन लॉ का पालन कर अच्छे मददगार बनने आव्हान**

यातायात निरीक्षक अभिजीत भदौरिया ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा घोषित गुड सेमेरिटन लॉ के सबंधं में युवाओं को जानकारी देते हुए अच्छे मददगार बनने आव्हान किया गया। जिसके मुताबिक सड़क दुर्घटना में घायलों को तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है जिन्हें अच्छा मददगार कहा जाता है। सड़क दुर्घटनाओं में अधिकांश मौतें घायलों को त्वरित स्वास्थ्य सुविधा मुहैया नहीं कराने की वजह से होता है। घायलों की मदद लोग इसलिए नहीं करते क्योकिं कोई भी पुलिस के झंझट में पड़ना नही चाहता है। गुड सेमेरिटन लॉ के मुताबिक घायल की मदद करने वाले व्यक्ति को अपराधी नहीं माना जाएगा। वहीं प्रत्यक्षदर्शी से पुलिस केवल एक बार ही पूछताछ कर सकमी है और मददगार का परिचय जानने बाध्य नहीं किया जा सकेगा। वहीं घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति से डॉक्टर मेडिकल खर्च की मांग नहीं करेगें। इसके अलावा घायल व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने के बाद अस्पताल में रूकने की आवश्यकता नहीं है। इसका मुख्य उद्देश्य घायल व्यक्ति को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है।

## अय्यप्पा मंदिर में 37वां वार्षिक महोत्सव पर आज निकलेगी शोभायात्रा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर


शहर के वृंदावन कॉलोनी में अय्यप्पा मंदिर का 37 वां वार्षिक महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। उत्सव के पांचवें दिन प्रातः 5.30 बजे पल्ली उणर्तल, निमार्ला दर्शन, अभिषेक, गणपति होम, उषापूजा, कलशाभिषेकम समेत अन्य विधान संपादित किया गया। प्रातः 10 बजे से श्रीराम एवं हनुमान पूजा का आयोजन किया गया। हनुमान पूजा के मुख्य सहयोगी सुभाष बाबू एवं परिवार रहे। मध्यान्ह पूजा उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। सांय 6.30 बजे दिपाराछना, भगवती सेवा, नैवेध पुजा, भूतबली विल्लध कराया गया। रात्रि 8 बजे अय्यप्पी मंदिर से राम मंदिर रेलवे कॉलोनी तक भगवान अय्यप्पा का आखेट यात्रा निकाली गई। जिसे पल्लीवेटा कहा जाता है। भगवान अय्यप्पा स्वामी का प्रतिकात्मक आखेट को दशार्ते हुए आखेट पूजा विधान पूर्ण कर आरती एवं प्रसाद वितरण पश्चात आखेट यात्रा वापस मंदिर पहुंचकर निर्माल्य विल्ल्क्क, आरती पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद वितरण के पश्चात अन्नदानम का भी कार्यक्रम रखा गया था। जिसमें बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहकर भगवान अय्यप्पा था आर्शिवाद एवं प्रसाद प्राप्त किए। वार्षिक उत्सव के अंतिम दिवस 2 फरवरी को भगवान अय्यप्पा का पवित्र स्नान महादेव घाट में कराया जाकर शोभायात्रा, महिलाएं एवं छोटे बच्चे दीपथाल हाथ में लेकर नगर परिक्रम कर

# उपकेन्द्र होने से 30 गांव के 6430 उपभोक्ताओं मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के नक्सल प्रभावित गांव बटराली में उपकेन्द्र नहीं होने से रोज बिजली बंद होने की समस्या होती रही। इस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के

- गांवों में बार-बार बंद बिजली व लो-वॉल्टेज से मिला छुटकारा
- विद्युत कंपनी के ईडी ने पहुंच कर नव निर्मित उपकेन्द्र को किया चार्ज



जनप्रतिनिधी एवं विद्युत कंपनी के अधिकारियों से उपकेन्द्र निर्माण करने की गुहार की थी। उसके बाद से विद्युत कंपनी ने बटराली में 33, 11 केव्ही उपकेन्द्र का निर्माण किया और इसका चार्ज कंपनी के कार्यपालक निदेशक ने गांव पहुंच कर उपकेन्द्र को चार्ज किया। उस दौरान कंपनी के अधिकारी, कर्मचारी एवं ग्रामीण शामिल रहे। ग्रामीणों ने बताया कि इस उपकेन्द्र से आसपास के लगभग 30 गांव एवं 6430 उपभोक्ताओं को राहत मिली, जिसमें 4976 बीपीएल, 1272 घरेलू एवं 129 कृषि पंप कनेक्शन हैं। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि इस उपकेन्द्र से क्षेत्र के 30 गांव के उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बंद एवं लो-वॉल्टेज की समस्या का छुटकारा मिल गया।

### सुचना मिलते ही करें बिजली बहाल

विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक एसके ठाकुर ने बताया कि क्षेत्र के कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को निर्देश किया कि वे सूचना मिलते ही हर संभव तत्काल बंद बिजली को बहाल करें। कर्त्तव्य में लापरवाह अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बस्तर सहित छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट जीतेंगे, जन-जन तक पहुंचे कार्यकर्ता : किरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव व वनमंत्री केदार कश्यप ने

- केन्द्र में लगातार तीसरी बार बनेगी भाजपा की सरकार : केदार
- लोकसभा चुनाव की तैयारियों में प्राण-प्रण से उतरें कार्यकर्ता : उसेण्डी





कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीटों में भाजपा की जीत का परचम लहराना है और लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केन्द्र में भाजपा की सरकार स्थापित करनी है। प्रत्येक कार्यकर्ता आज व अभी से चुनाव समर में कार्य करने जुट जायें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाया है। प्रधानमंत्री आवास, किसानों के हितार्थ व महिलाओं के लिये महतारी वंदन योजना जैसे ठोक व बडे. निर्णय ले रही है। भाजपा के कार्यकर्ता शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जन-जन तक पहुंच सघन संपर्क करें। भाजपा की जीत सुनिश्चित करनी है। वन मंत्री ने कहा कि भाजपा के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं के कठिन परिश्रम से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है। कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव में पूरी कर्मठता से कार्य करते हुये केन्द्र में भाजपा की सरकार स्थापित करेंगे। भाजपा की विजय का संकल्प प्रत्येक कार्यकर्ता ने लिया है। भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेण्डी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिये भाजपा ने शंखनाद कर दिया है। पूरी शक्ति व एकजुटता के साथ कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव की लड़ाई लड़नी है। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, महेश गागड़ा, बस्तर लोकसभा प्रभारी महेश जैन, विधायक द्वय विनायक गोयल व चैतराम अटामी तथा श्रीनिवास राव मद्दी ने भी संबोधन दिया। संचालन जिला महामंत्री वेदप्रकाश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर धनीराम बारसे, श्रीनिवास मुदलियार, डा. सुभाऊ कश्यप, बैदूराम कश्यप, योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीनिवास मिश्रा, श्रीधर ओझा, रामाश्रय सिंह, रजनीश पाणिग्रही, नरसिंह राव, आलोक अवस्थी, बाबुल नाग, सुरेश गुप्ता, फूल सिंह सेठिया, सुब्रतो विश्वास, राजेन्द्र बाजपेयी, अविनाश श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा, आनंद मोहन मिश्रा, आर्येन्द्र आर्य, मनोहर तिवारी, राजपाल कसेर, दिगम्बर राव, निर्मल पाणिग्रही, रैतुराम बघेल, अनिल लुंकड़, बृजेश भदौरिया, लक्ष्मी कश्यप, श्रीपाल जैन सहित कार्यकर्ता

## स्थानीय कलाकारों को मिले प्राथमिकता




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छग मूर्तिकार चित्रकार संघ ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव को कला से संबंधित स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देने ज्ञापन सौंपा है। जिसमें उल्लेख किया गया है कि संघ के कलाकार पिछले कई वर्षों से शासकीय व गैर सरकारी कार्यों में योगदान देते आ रहे हैं। इसी से हम सबका जीवनयापन चलता है। परंतु कुछ वर्षों से स्थानीय कलाकारों को बड़े ठेकेदारों के दबाव से कार्य नहीं दिया जा रहा है और हमारी आर्थिक स्थिति दयनीय बनी हुई है। इस विषय को लेकर संघ ने संभागायुक्त व कलेक्टर को भी अवगत कराया गया था जिनके द्वारा स्थानीय कलाकारों को प्राथमिकता देने हेतु पत्र जारी किया था। परंतु पिछले वर्ष भी निगम प्रशासन द्वारा शहर के सौंदर्यीकरण के कार्यों को बाहरी कलाकारों द्वारा कराया गया और इस वर्ष भी लालबाग, आमागुड़ा, कुम्हड़ाकोट बाउंड्रीवॉल की पेंटिंग व सीमेंट मूर्तिकला का कार्य बाहरी कलाकारों द्वारा कराया जा रहा है। स्थानीय कलाकार दो माह पूर्व निगम आयुक्त से कार्य व अपनी सेवा का अवसर देने की प्रार्थना की थी। संघ ने विधायक से स्थानीय कलाकारों को संभाग में होने वाले कला से संबंधित कार्यों में प्रथम प्राथमिकता दिलाये जाने की मांग की है।

## योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने भाजपा चलाएगी गांव चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के साथ ही गांवों तक अपनी पकड़ को मजबूत करने केंद्र और

- योगेंद्र पांडे बनाए गए अभियान के जिला संयोजक
- 4 से 11 फरवरी तक सतत चलेगा अभियान
- अभियान के लिए की गई मंडल संयोजकों और सह संयोजकों की नियुक्ति



राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जिले के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में लिए भाजपा गांव चलो अभियान चलाएगी। गुरुवार को भाजपा कार्यालय में इस अभियान की रूपरेखा को लेकर 11 मंडलों की बैठक आयोजित की गयी। 4 से 11 फरवरी तक चलने वाले इस अभियान के तहत कार्यकर्ता गांव-गांव तक पहुंचेंगे और केंद्र व राज्य की योजनाओं की घर-घर जाकर जानकारी प्रदान करेंगे। अभियान में नेता और कार्यकर्ता गांव में ही रात्रि विश्राम करेंगे। वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र पांडे को गांव चलो अभियान जिला संयोजक बनाया गया है। वहीं जिला महामंत्री वेद प्रकाश पांडे और बलदेव मंडावी को सह संयोजक का दायित्व दिया गया है। समस्त 11 मंडलों में भी संयोजक और सह संयोजकों की नियुक्ति की गई है। इस दौरान पूर्व विधायक बैदूराम कश्यप, बाबुल नाग, नरसिंह राव, ललिता बघेल, आलोक अवस्थी, सुधा मिश्रा, सुब्रतो विश्वास, परिस बेसरा, फूलसिंह सेठिया, नरसिंह ठाकुर, वनवासी मौर्य, जितेंद्र पाणिग्रही, लक्ष्मी कश्यप, राधेश्याम पांडे समेत कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### महिला मोर्चा चलायेगी शक्ति वंदन संपर्क अभियान

बैठक में भाजपा महिला मोर्चा के चलाए जाने वाले शक्ति वंदन संपर्क अभियान की रूपरेखा भी तय की गई। इस अभियान के तहत महिला मोर्चा के कार्यकर्ता जिले के समस्त स्वसहायता समूहों और सामाजिक संस्थाओं से मिलकर उन्हें केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी प्रदान कर महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करेंगी।

